DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

हिन्दुस्तान 21 मई 2022 VSPAPERS DATED

बच्चों को दाखिला न देने पर जवाब मांगा

नई दिल्ली, (प्र.सं)। सरकारी जमीन पर बने निजी स्कूल के सामने बने घर में रहने वाले बच्चों को दाखिल नहीं दिए जाने पर उच्च न्यायालय ने सरकार से जवाब मांगा है। न्यायालय ने इस मामले में डीडीए और स्कूल प्रबंधन को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

न्यायालय ने दो बच्चों की ओर से दाखिल याचिका पर यह आदेश दिया है। बच्चों ने याचिका में दावा किया है कि भूमि आवंटन की शर्तों के अनुसार स्कूल में दाखिला पाने का पहला अधिकार उनका है और इस अधिकार से उन्हें वंचित नहीं किया जा सकता। जस्टिस संजीव नरूला ने अगली सुनवाई 19 जुलाई से पहले जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

DATED – २२-०५-२२

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 22 मई 2022

बेसमेंट की खुदाई करते समय दीवार गिरी, एक मजदूर की मौत, दो जख्मी

खुदाई के वक्त उसके साथ लगती पहली मंजिल की दीवार ढह गई

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

द्वारका के पोचनपुर गांव के डीडीए फ्लैट्स में बेसमेंट बनाते उससे लगती पहली मंजिल की दीवार गिर गई। इसके नीचे दबने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने मकान मालिक और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

फायर डिपार्टमेंट के अनुसार दोपहर करीब 2.18 बजे सेक्टर-23 पोचनपुर गांव के डीडीए फ्लैट्स से एक बिल्डिंग गिरने की सूचना मिली थी। मौके पर तीन फायर टैंडर भेजे गए। वहां जाकर पता चला कि घर की नींव खोदते समय उससे लगते घर की दीवार गिर गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों को डीडीयू अस्पताल भिजवाया गया। यहां जगदीश (35) की मौत हो गई, वहीं हरबाई (30) और प्रमोद (10) को मामूली चोटें आईं। डीसीपी द्वारका शंकर चौधरी ने बताया कि मामले की छानबीन के लिए पुलिस टीम को भेजा गया। कॉलर ने बताया था कि डीडीए फ्लैट का लेंटर गिर गया है और उसके नीचे कुछ लोग दब गए हैं। इसके बाद पीसीआर टीम को भेजा गया। वहां जाकर पता चला कि बेसमेंट की खुदाई हो रही थी। इसकी वजह से उसके साथ लगती पहली मंजिल की दीवार ढह गई और इसके नीचे मजदूर दब गए। पुलिस के अनुसार जिस जगह काम चल रहा था वहां के मालिक विरेंद्र सिंह है और इस निर्माण कार्य का कॉन्ट्रैक्टर मिश्री लाल पंडित हैं।

> मालिक और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज

हिन्दुस्तान

दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत

दर्दनाक

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। द्वारका के पोचनपुर गांव में शनिवार दोपहर को एक दीवार गिरने से वहां काम कर रहे मजदूर दंपति और उनका बेटा चपेट में आ गया। हादसे में 40 वर्षीय जगदीश की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटा घायल है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद पहुंची द्वारका सेक्टर-23 थाना पुलिस ने जगदीश के शव को कब्जे में लेकर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मकान के मालिक और ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी ने बताया कि मृतक जगदीश अपने परिवार के साथ गोल पार्क द्वारका सेक्टर -24 में रहता था। परिवार में पत्नी 30 वर्षीय हरबाई और 10 वर्षीय बेटा प्रमोद शामिल है। जगदीश और हरबाई ठेकेदार मिस्त्री लाल के पास मजदूरी करते थे। ठेकेदार मिस्त्री लाल ने दोनों को डीडीए फ्लैट पोचनपुर गांव में एक मकान में नींव खोदने के काम पर लगाया गया था। मकान की नींव खोदते समय साथ बने एक पुराने मकान की दीवार गिर गई और जगदीश और उसका परिवार उसके मलबे में नीचे दब गया। लोगों ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद दमकल और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

करीब 30 मिनट तक चले राहत कार्य के बाद सभी तीनों लोगों को मलबे से निकाल कर अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया। जबकि, हरबाई और प्रमोद को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

ठेकेदार और मकान मालिक गिरफ्तार

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में केस दर्ज कर ठेकेदार 72 वर्षीय मिस्री लाल और मकान मालिक 50 वर्षीय वीरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त को सौंपी गई है। मामले को लेकर 24 घंटे में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

IV दैनिक जागरण नई दिल्ली, 22 मई, 2022

द्वारका के पोचनपुर में दीवार ढहने से कामगार की मौत

जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली: द्वारका के पोचनपुर इलाके में एक मकान के बेसमेंट निर्माण के दौरान बगल में स्थित डीडीए फ्लैट की दीवार व छत गिरने से जगदीश की मौत हो गई। वहीं, दस वर्षीय नाबालिग सहित दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मकान मालिक व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। साथ ही निगम को भी नोटिस दिया गया है।

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर 2.18 बजे मकान ढहने की जानकारी मिली। मौके पर तीन गाड़ियों को भेजा गया। मलबा हटाने के दौरान घायल हरवाई और दस वर्षीय प्रमोद को पहले बाहर निकाला गया। इसके बाद मलबे के बीच में फंसे जगदीश को अग्निशमन कर्मचारियों ने बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। छानबीन में पुलिस को पता चला कि द्वारका सेक्टर 17 निवासी विरेंद्र सिंह मकान का निर्माण करा रहा था। मिश्रीलाल पंडित ने मकान बनाने का ठेका लिया था। कामगार मकान की नींव की खुदाई करने के बाद बेसमेंट में दीवार का निर्माण कर रहे थे। इस मकान के बगल में डीडीए का जर्जर फ्लैट है। जगदीश के पिता रघुवीर ने बताया कि वे मूल रूप से टीकमगढ़ मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। जगदीश अन्य कामगारों के साथ पिछले एक माह से कार्य कर रहा था। शनिवार दोपहर को सभी कामगार खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे।

इसी दौरान जर्जर फ्लैट की दीवार व छत ढह गई। इसमें जगदीश मलबे के नीचे दब गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पहले यह पता लगाया जा रहा है कि इस मकान का निर्माण वैध तरीके से हो रहा था या फिर अवैध तरीके से। निगम अधिकारियों से जानकारी मांगी गई है। निर्माणाधीन मकान व जर्जर इमारत के बारे में फोटो के साथ 28 अप्रैल 2022 को निगम को जानकारी दी गई थी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER दैनिक जागरण नई दिल्ली, 22 मई, 2022 DATED

प्रदूषित हवा सुधार रहे बायोडायवर्सिटी पार्क, गिरता भूजल भी कर रहे रि

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सातों बायोडायवर्सिटी पार्क लगातार राजधानी की आबोहवा में सुधार कर रहे हैं। इनकी वजह से यहां जीव जंतुओं के अलावा हरित क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है और भूजल स्तर में भी वृद्धि देखने को मिली है। खास बात यह कि इन पार्कों के जरिये बड़ी मात्रा में वर्षा का जल भी बचाया जा रहा है।

दिल्ली में बायोडायवर्सिटी पार्क का कारवां सन 2002 में तत्कालीन डीडीए उपाध्यक्ष और निवर्तमान उपराज्यपाल अनिल बैजल और दिल्ली विश्वविद्यालय के तत्कालीन सम्कुलपति प्रो. सी आर बाबू के प्रयासों से हुआ था। पहला पार्क यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क के नाम से शुरू हुआ।

इसके बाद 2005 में अरावली, 2015 में तिलपथ वैली और कमला नेहरू रिज, 2016 में नीला हौज और तुगलकाबाद और 2019 में कालिंदी बायोडायवर्सिटी पार्क की शुरुआत हुई। बंजर और बहुत ही डिग्रेडिड लैंडस्कैप से शुरू हुए ये पार्क पर्याप्त संख्या में वनस्पतियों और जीवों को आश्रय देते हैं। 2016 में यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क में एक तेंदुआ भी देखा गया था। वहीं अरावली जैव विविधता पार्क में भारतीय पित्त और काली चील जैसे कई पक्षी लंबे समय के दौरान देखे गए हैं।

अरुणा आसफ अली मार्ग पर स्थित नीला हौज पार्क में ऐतिहासिक झील, जो मलबे और सीवेज के कारण बेकार हो गई थी, उसे वैटलैंड के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया।

असाध्य रोगों का इलाज करने में भी मददगार है पौधे

इन बायोडायवर्सिटी पार्कों ने न केवल प्रदूषित हवा को शुद्ध करने में मदद की, बल्कि भूजल को भी रिचार्ज किया और लाखों गैलन पानी इकट्ठा करने में मदद की। डीडीए अधिकारियों के अनुसार सभी पार्कों द्वारा 2021 में एकत्रित वर्षा जल 1.4 मिलियन गैलन है। वेटलैंड में 1,100 मिलियन गैलन मानसून का और खादर क्षेत्र में संग्रहित 500 मिलियन गैलन बाढ़ का पानी है। करीब 3,000 एकड़ में फैले इन पार्कों से हर साल ढाई लाख छात्र व्यावहारिक पर्यावरण शिक्षा प्राप्त करते हैं। इन पार्कों के विकसित होने के बाद से स्थलीय-जलीय पौधों, चिड़ियों की संख्या भी बढ़ी है। यहां लगे दो हजार से ज्यादा प्रजाति वाले औषधीय पौधे असाध्य रोगों का इलाज करने में भी मददगार है।

बायोडायवर्सिटी सोसायटी व दिल्ली बायोडायवर्सिटी काउंसिल गठित

2019 में उपराज्यपाल ने बायोडायवर्सिटी सोसायटी का गठन किया था, जबकि एक नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने 11 सदस्यीय दिल्ली बायोडायवर्सिटी काउंसिल की अधिसूचना जारी की थी। जल्द ही लोक जैव विविधता पंजी (पीपुल बायोडायवर्सिटी रजिस्टर-पीबीए) बनाने का काम शुरू होगा।

> बायोडायवर्सिटी पार्कों ने न केवल दुनिया भर के शहरी क्षेत्रों से लुप्त होती प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए माडल के रूप में वैश्विक महत्व ग्रहण किया है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला भी प्रदान की है। शहरों में पानी की उपलब्धता और सांस्कृतिक और संरक्षणात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया है। ये पार्क छात्रों और लोगों के बीच पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रतीक और प्रमुख केंद्र भी बन गए हैं।
>
> -फैयाज ओ खुदसर, प्रभारी, यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क

यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क	2002 वर्ष	2021 वर्ष
सतही पौधे	90	915
जलीय पौधे	00	101
चिड़िया	37	203
तितलियां	11	82
सांप-मेढक	03	18
स्तनधारी जीव	04	22
मछलियां	00	18
अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क	**2005 वर्ष**	**2021 वर्ष**
सतही पौधे	150	950
जलीय पौधे	00	31
चिड़िया	42	219
तितलियां	13	113
सांप-मेढक	08	31
स्तनधारी जीव	05	19
मछलियां	00	00
तिलपथ वैली बायोडायवर्सिटी पार्क	**2015 वर्ष**	**2021 वर्ष**
सतही पौधे	156	481
जलीय पौधे	00	03
चिड़िया	81	125
तितलियां	21	55
सांप-मेढक	14	15
स्तनधारी जीव	05	07
मछलियां	00	00

नेहरू प्लेस इलाके में फायर ब्रिगेड के लिए बने रैंप पर हो रही है पार्किंग

नेहरू प्लेस मार्केट में फायर ब्रिगेड के लिए बनाए गए रैंप पर खड़ी कार • जागरण

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : नेहरू प्लेस में अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के कारण दुकानदार परेशान हैं। यहां पर फायर ब्रिगेड के लिए बनाए गए रैंप पर भी लोग पार्किंग कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पार्किंग के स्टाफ रैंप पर वाहन पार्क करवा देते हैं। इस कारण लोगों का आवागमन बाधित होता ही है। किसी आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस के जाने के लिए भी जगह नहीं बचती है। दुकानदारों ने इस बारे में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ ही स्थानीय पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

नेहरू प्लेस में 100 से अधिक इमारतें हैं, जिनमें हजारों दुकानें व आफिस हैं, लेकिन यहां पर आग से बचाव के लिए प्राथमिक व्यवस्था भी बदहाल है। इस मार्केट में फायर ब्रिगेड के लिए बनाए गए रैंप पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के कारण यहां आपात स्थिति में वाहनों का पहुंच पाना मुश्किल हो सकता है। मार्केट एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने बताया कि पार्किंग के ठेकेदार यहां खूब मनमानी करते हैं और शिकायत करने पर दादागिरी पर उतर आते हैं। डीडीए व पुलिस से भी इस बारे में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई राहत नहीं मिली है। मार्केट में रेहड़ी-पटरी वाले दुकानदारों के कारण भी काफी परेशानी हो रही है। बेतरतीब लग रहीं दुकानें व बाडी वेंडर के कारण मार्केट में चलना दुश्वार है। इस अव्यवस्था पर डीडीए का पक्ष जानने के लिए पीआरओ को काल किया गया, लेकिन उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI DATED MAY 22, 2022

14 yrs on, Kathputli Colony residents yet to get homes

NEVER-ENDING WAIT

2,800
Total number of flats being developed for slum dwellers

720
Flats expected to be allotted by September 2022

2,080
Number of flats expected to be allotted by July 2023

37sqm
Approximate size of each flat

One-bedroom flats, with hall, kitchen, toilet, bathroom and balcony

₹1.1 lakh
Amount to be paid by slum dwellers for each flat, apart from ₹30,000 as the maintenance cost

5.2 hectares
Area of the redeveloped colony

3.4 hectares
Area to be used for residential development

677
Total slum clusters in Delhi

490
Total number of slum clusters on DDA and central government land

376
Slum clusters taken up first for identification for in situ slum rehabilitation on PPP mode

3
Number of ongoing projects

10
Slum clusters where work is expected to begin soon

Sidhartha.Roy@timesgroup.com

New Delhi: Fourteen years ago, Delhi Development Authority (DDA) first announced its in situ slum redevelopment project at Kathputli Colony. Since then, the wait for its residents to receive their promised one-bedroom flats in multi-storey apartments has only got longer.

It was expected that the first batch of around 500 flats in the completed apartment blocks would be handed over by March 31, 2022. The rest of the apartments were expected to be allotted by the end of this year. A total of 2,800 one-bedroom flats are to be allotted to slum dwellers in the redevelopment project.

According to DDA officials, the land development authority is now targeting September 2022 for handing over 720 flats to the first batch of residents and the rest of the flats by July 2023.

The tender enquiry for the colony was floated in 2008, and the work was awarded to a private developer in August 2009. As part of the redevelopment project, 2,800 flats in 14-storeys towers would be given to squatters who were living in the area for nearly 40 years. In place of constructing the EWS houses, the developer would be entitled to build and dispose of some freehold HIG flats and commercial built-up area equivalent to 10% of the EWS floor area ratio on a leasehold basis.

The project has been beset with setbacks and massive delays in every step, starting from surveying the eligible population, relocating all the slum dwellers to a transit camp at Anand Parbat and finally, the ongoing construction.

The foundation stone of the project was laid by Union Housing and Urban Affairs minister Hardeep Singh Puri on April 24, 2018. It was announced that the first batch of slum dwellers were expected to be provided flats by March 2019. While the March deadline was missed, DDA hoped to open some towers by December 2019 but that deadline was missed too, with the project facing one roadblock after another, including the work getting affected due to the Covid-19 pandemic.

While relocation of the residents of Kathputli Colony had begun in 2014, all slum dwellers could be moved out only by the end of 2017. Even as the site was finally levelled the following year, power connection to the construction site stopped over pending dues of earlier occupants.

As soon as the issue of the pending bills was sorted, a ban on construction during the winter season again put a halt to work. Apart from this, there were incidents like roads being dug up by another government agency and materials not reaching the site. The project received another setback in 2019 in the shape of a disputed piece of land for which DDA had to go to court.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

THE SUNDAY EXPRESS, MAY 22.2022 ERS--- * SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI MAY 22, 2022 --DATED---

One killed, 2 injured after wall collapses in Dwarka

New Delhi: A 35-year-old man was killed and two people, including a 10-year-old boy, were injured after a wall collapsed in Dwarka's Sector-23 Saturday, officials said. Fire officials received information at 2.18 pm about the collapse at the DDA flats, they said, adding that three fire-tenders were rushed to the site. Fire officials said work on a nearby plot, where the foundation for a house was being laid, caused the collapse.

Allow compensatory plantation in neighbour states, pleads DDA

New Delhi: The Delhi Development Authority (DDA) has written to the Union environment ministry, requesting it to allow compensatory afforestation (CA) for all projects undertaken in the city in the neighbouring states in view of a scarcity of land in the national capital. The land-owning agency said the ministry should at least relax the guidelines issued under the Forest Conservation Act to allow compensatory afforestation for the projects implemented by the Centre and public sector undertakings (PSUs) on degraded forest land in the neighbouring states.

In its letter, DDA cited paragraph 2.3(v) of chapter 2 of the Handbook of Forest Conservation Act, which says: "In exceptional cases, where non-forest land/degraded forest land, as the case may be, for CA is not available in the same state/Union territory in which the diversion of forest land is proposed, land for CA can be identified in any other state/UT, preferably in a neighbouring state/UT." ΦΠ

SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI
MAY 22, 2022

At 60-90% survival rate, plantation drives show 'good' result

GROWING NUMBERS

Picture for representation

Third-party audit of plantations conducted by other agencies

Agencies	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
DDA	-	-	90-95%	80-85%	-
North corporation	72.4%	65.8%	Under process	-	-
PWD	67%	65%	68%	-	-
DSIIDC	70%	75%	80%	82%	85%
DMRC	88.9%	90.2%	76.5%		
Environment department	-	-	60%	65%	87%

Source: Forest department

- Third-party audit report of agencies show the survival rate varied from 60% to 90%
- The survival rate of plantation done by the forest department from 2016-17 to 2018-19 was 75%-80%
- A few agencies are yet to begin third-party audit of plantations
- The plantation target for 2022-23 year is 35.4 lakh and plantation will begin from July 1

Priyangi.Agarwal
@timesgroup.com

New Delhi: A third-party audit of plantations undertaken by various authorities has revealed that the survival rate for 2016-17, 2017-18 and 2018-19 varied from 60% to 90%.

While the audit of agencies like Delhi Development Authority (DDA), public works department (PWD), environment department, north corporation and Delhi Metro is over, the exercise is still pending for some, including central PWD, Delhi Jal Board, Northern Railway, south and east corporations, and Delhi Transport Corporation.

According to the forest department, which compiled the third-party audit reports carried out by several agencies, DDA achieved the maximum survival rate at 90-95% in 2018-19. Many authorities managed to achieve a survival rate of 80% and above.

"According to National Afforestation and Eco-development Board of the Union ministry of environment and forest and climate change, the survival rate of 80% and above is 'outstanding', and that of 62% to 80%, 'very good'. The audit reports of plantations done in the past years show good results," a forest official said.

DDA's audit was done by Forest Research Institute (FRI). The other third-party auditors were Mahatma Gandhi Institute for Combating Climate Change, Indian Agricultural Research Institute and Indian Council for Agricultural Research.

OFFICIAL SAYS

The survival rate of plantations done near the Yamuna will be better due to soil quality and water level in comparison to the Ridge, which has a rocky terrain

A few authorities have also been audited for 2019-20 and 2020-21. For the environment department and Delhi State Industrial and Infrastructure Development Corporation, the survival rate was 87% and 85%, respectively, in 2020-21. The rate was 67.7% for BSES for 2016-21.

Environment minister Gopal Rai earlier said the survival rate for the forest department was 75-80% for 2016-19, and FRI had been asked to conduct an audit for 2019-20.

The survival rate depends on climatic conditions and biotic stress, said another official. "The survival rate of plantations done near the Yamuna will be better due to soil quality and water level in comparison to the Ridge, which has a rocky terrain. Extreme weather events like excess rain or higher temperature and biotic factors such as human and animal interference also play an important role," the official added.

For 2022-23, the plantation target is 35.4 lakh saplings and the drive will begin from July 1.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

DATED

IV दैनिक जागरण नई दिल्ली, 23 मई, 2022

दिल्ली में भूमि बैंक बनाने की योजना नहीं चढ़ी परवान

डीडीए ने कहा, जब राजधानी में जमीन ही नहीं तो फिर बैंक कैसा

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली

देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर दिल्ली में भी लैंड (भूमि) बैंक बनाने की योजना सिरे चढ़ने से पहले ही खारिज हो गई है। दरअसल, जमीन की कमी होने से यह बैंक अस्तित्व में ही नहीं आ पाया। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अब इस बैंक की योजना को पूरी तरह से नकार दिया है।

गौरतलब है कि विकास कार्यों के लिए दिल्ली में पेड़ काटना बहुत बार मजबूरी बन जाता है। हालांकि, इस स्थिति में संबंधित एजेंसी की ओर से एक के बदले 10 पेड़ लगाए जाने का प्रविधान है, लेकिन पेड़ लगाने के लिए जगह न मिलना बड़ी समस्या बन जाती है। हरित क्षेत्र के विस्तार में आ रही इन्हीं दिक्कतों को दूर करने के लिए 2020 में वन विभाग और डीडीए के बीच भूमि बैंक को लेकर सहमति बनी, लेकिन कुछ ही माह में शुरू होने वाला यह बैंक अभी तक वजूद में नहीं आ पाया।

> डीडीए के पास पौधारोपण के लिए कहीं जमीन नहीं बची है। मास्टर प्लान के हिसाब से भी दिल्ली का हरित क्षेत्र तय सीमा से ज्यादा हो चुका है। ऐसे में भूमि बैंक का भी कोई मतलब नहीं रह जाता। इसी के चलते केंद्र सरकार को पत्र लिखकर पौधारोपण के लिए दिल्ली को पड़ोसी राज्यों में जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।
>
> -राजीव तिवारी, प्रधान आयुक्त (उद्यान), दिल्ली विकास प्राधिकरण

वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में भूमि डीडीए के ही पास होती है, लिहाजा डीडीए को हर साल पौधारोपण के लिए एक ही या अलग-अलग जगह खाली जमीन मुहैया करानी थी। जमीन का मालिकाना हक उसी के पास रहना था, जबकि सात साल तक उसका रखरखाव वन विभाग को करना था। किसी भी एजेंसी को पेड़ लगाने के लिए जमीन की जरूरत होती तो उसे वन विभाग से जमीन मिल जाती। वन विभाग संबंधित एजेंसी को उसकी जरूरत के मुताबिक जमीन दे देता। लेकिन दिल्ली की लगातार बढ़ती आबादी और कम होती जमीन के चलते भूमि बैंक की योजना आगे ही नहीं बढ़ सकी। डीडीए का कहना है कि अब उसके पास पौधारोपण के लिए कहीं पर भी जमीन खाली नहीं बची है। छोटे-छोटे टुकड़ों में जो जमीन है वह दिल्लीवासियों की अन्य जरूरतों के लिए है। जैसे, स्कूल, पार्क, सामुदायिक भवन इत्यादि।

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 23 मई 2022

कमला नेहरू रिज में तितलियां होंगी संरक्षित

इंटरनैशनल बायोडायवर्सिटी डे के मौके पर पार्क का उद्घाटन, 63 प्रजातियां देख सकेंगे

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

तितलियों के इस पार्क को खास तौर पर ऐसी जगह बनाया है, जहां बंदर अधिक हैं। इससे बायोडायवर्सिटी मजबूत होगी

इंटरनैशनल बायोडायवर्सिटी डे के मौके पर कमला नेहरू रिज में रविवार को तितलियों को संरक्षित करने वाले पार्क का उद्घाटन किया गया। इस पार्क में तितलियों की 65 प्रजातियों को देखा जा सकता है। इनमें मुख्य तौर पर प्लेन टाइगर, स्ट्रिप्ड टाइगर, कॉमन गुल, पायनियर, रेड पिय्रोट, वाइट ऑरेंज टिप, येलो ऑरेंज टिप आदि हैं। इसके अलावा दुर्लभ प्रजातियों की तितलियों जैसे ग्रेट एगफ्लाइ बटरफ्लाई और रेड पिय्रोट को भी यहां देखा जा सकता है।

रविवार को डीडीए के वाइस चेयरमैन मनीष गुप्ता ने यह पार्क आम लोगों को समर्पित किया। मिली जानकारी के अनुसार, तितलियों के इस पार्क को खास तौर पर ऐसी जगह बनाया गया है, जहां बंदर अधिक हैं। इस मौके पर डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों, हंसराज कॉलेज के स्टूडेंट्स और सुबह की सैर के लिए आने वाले लोगों ने यहां तितलियों को देखा। बायोडायवर्सिटी पार्क प्रोग्राम के हेड डॉ फैयाज खुदसर ने कहा कि जैव विविधता हमेशा से सस्टेनेबल डिवेलपमेंट के लिए चुनौती रही है और यह स्वास्थ्य के साथ पानी, खाने की जरूरतों के लिए जरूरी है।

राजधानी के सात बायोडायवर्सिटी पार्क ने न सिर्फ लोगों को प्रकृति से जोड़ा है, बल्कि उन्हें जैव विविधता के बारे में बताया भी है। इस मौके पर डीयू के पूर्व प्रो वाइस चांसलर और बायोडायवर्सिटी पार्क के प्रोजेक्ट इंचार्ज प्रफेसर सीआर बाबू ने बताया कि डीडीए के बायोडायवर्सिटी पार्क इस साल इंटरनैशनल डे ऑफ बायोडायवर्सिटी की थीम पर फिट बैठ रहे हैं। इस बार की थीम सभी जीवों के लिए एक साझा भविष्य का निर्माण है। डीडीए के प्रिंसिपल कमिश्नर डॉ राजीव तिवारी ने कहा कि शहरों के विकास के लिए पेड़ों को काटा जा रहा है। इसलिए इस समय हमें सुनियोजित विकास पर फोकस करने की जरूरत है। हंसराज कॉलेज की प्रफेसर मोनिका कॉल ने कहा कि बायोडायवर्सिटी पार्क एक जीवित लैब है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAI Hindustan Times NEW DELHI MONDAY MAY 23, 2022 DATED

Butterfly conservatory at Ridge, designed to keep monkeys at bay

Jasjeev Gandhiok
jasjeev.gandhiok@hindustantimes.com

NEW DELHI: On International Biodiversity Day, a butterfly conservatory was inaugurated at the Kamla Nehru Biodiversity Park in north Delhi, uniquely designed to keep out monkeys, which have a strong population in the Northern Ridge.

After measuring the wing span of the largest butterfly in Delhi, the entire conservatory — spread over an area of 672 sqm — has been covered with a wire-mesh based cage, which will allow butterflies to move in and out freely, while preventing monkeys from entering or trampling flowering plants.

Already, 65 different butterfly species have been sighted at the Biodiversity Park, which is run by the Delhi Development Authority (DDA), with the conservatory created in order to increase the count of these butterfly species.

Butterflies at the Kamla Nehru Biodiversity Park. SOURCED

Officials said that among the common sightings are butterflies such as the Plain Tiger, Striped Tiger, Common Gull, Pioneer, White Orange Tip and Yellow Orange Tip, while the rare species include the Great Eggfly Butterfly and the Red Pierrot.

Faiyaz Khudsar, scientist in-charge at the Yamuna Biodiversity Park (YBP) in north Delhi said this set-up allows more such butterfly conservatories to be set up in areas dominated by monkeys, which otherwise make it difficult to grow new plants.

"Normally, the plants would get trampled, or eaten. So, we had to find a solution that allowed butterflies and birds to enter and exit freely, but one that kept out monkeys," said Khudar.

A combination of nectar-bearing plants and host plants have been planted in the conservatory.

"We have also planted some species outside, to attract butterflies towards the conservatory," said Khudsar.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI MONDAY, MAY 23, 2022 ----DATED----

Land Pooling: 3 Yrs After Launch, Work Begins On 3 Model Sectors

Nearly 3L People To Be Accommodated In Initial Leg In North, NW Delhi

Sidhartha.Roy@timesgroup.com

New Delhi: More than three years after its launch, the process has finally begun for developing three 'model' sectors under the Delhi Development Authority's (DDA) land pooling policy. The three sectors, which would come up in north and northwest Delhi, are expected to accommodate a population of about 3 lakh.

The model sectors are Sector 10-A in Zone N, which falls in northwest Delhi, and Sector 2 and 3 in Zone P-II in north Delhi, along the Yamuna river.

DDA had launched a single-window portal where landowners could apply for developing land parcels under the policy in February 2019. Till February 2022, nearly 19,000 acres of land have been submitted for development under the policy but the land parcels are scattered across different areas and not forming a congruous area, making it difficult for DDA to create sectors.

DDA has issued provisional notice for formation of consortium for three sectors under the policy and the validity of the notice is three months.

"Provisional Notice for consortium formation has been issued with a condition that remaining un-pooled landowners have to come together and form contiguous land as a single entity with an Implementation Plan, for which they will get a 90 days period," a DDA spokesperson said. In case, constituent landowners fail to form a consortium or are unable to achieve 70% contiguous pooled land in that sector, such notice will be deemed cancelled or withdrawn, he said. The Land Pooling Policy is currently applicable in the urban extension areas of Delhi, he said. This comprises 104 villages falling in Zones J, K-I, L, N, P-I, and P-II as per Delhi's master plan.

As per applications received on DDA's web portal for inviting expression of willingness, 16 sectors in Zones P-II, N, and L (southwest Delhi) have been identified as priority sectors that have achieved participation or pooling of approximately 70% or more land. "This entire area is divided into 129 sectors and, on an average, each sector is anticipated to accommodate a population of 80,000 to 1 lakh. The policy has received an encouraging response with approximately 7,275 hectares of land submitted as on February 28, 2022 through DDA's web portal," he said.

He said that in some sectors, in spite of having achieved 70% or more participation, there are land parcels in the pooled land that are under multiple ownership, and where all the owners have not expressed their willingness for participation in land pooling. "For facilitating land pooling in such sectors, Provisional Notice is being issued."

WORK IN PROGRESS

3
'Model sectors' to come up first under land pooling policy

104
Villages come under urban extension area of Delhi and where the policy is applicable

129
Sectors planned

16
Priority sectors identified that have achieved participation of pooling of approx 70% or more land

80,000-1 lakh
Approx population each sector is expected to accommodate

7,275 hectares
Land submitted for development till February 28, 2022

THE MODEL SECTORS

Sector 2, Zone P-II

Location | Along the Yamuna in north Delhi. Land parcels in villages Tigipur, Akbarpur Majra, Sungarpur and Baktawarpur

140 hectares
Developable land

121 hectares
Land belonging to owners willing to participate

Sector 3, Zone P-II

Location | Adjacent to Sector 2 in north Delhi. Land parcels in villages Tigipur, Fatehpur Jat, Mohammadpur, Ramjanpur and Baktawarpur

210 hectares
Developable land

56 hectares
Land belonging to owners who have come forward for development

Sector 10-A, Zone N

Location | Near Bawana, northwest Delhi. Land parcel in Bazidpur Thakran village

124 hectares
Developable land

117 hectares
Land that has already been pooled under the policy

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

N. THE INDIAN EXPRESS, MONDAY, MAY 23, 2022 ..... DATED .....

No decision taken on excavations at Qutub Minar, says Culture Minister

DIVYA A
NEW DELHI, MAY 22

AFTER REPORTS emerged on Sunday that the Ministry of Culture has ordered the Archaeological Survey of India (ASI) to conduct excavations at the Qutub Minar in Delhi, officials in the ministry told *The Indian Express* that no such orders have been issued at present. Union Culture Minister G K Reddy also clarified: "No such decision has been taken."

Culture Secretary Govind Mohan visited the monument on Saturday, after which it was reported that the ASI has been ordered to conduct excavations to ascertain whether the UNESCO World Heritage Site was built by Qutubuddin Aibak in the 12th Century or by the Gupta Empire much earlier. The Ministry insisted it was a regular site visit by its officials and no such decision has been taken. ASI officials were not available for comment.

A few days ago, former ASI regional director Dharamveer Sharma was quoted as saying that the Qutub Minar was actually a "sun tower" built by Chandragupta Vikramaditya of the Gupta Empire in the 5th Century.

On Saturday, Mohan had spent over two hours there, along with a team of senior officials and historians, wherein various aspects pertaining to the upkeep of monuments were discussed. In light of a recent letter written by the National Monument Authority to the ASI on moving two Ganesha idols out of the complex, "owing to their disrespectful placement", the team also visited the adjoining Quwwat-ul-Islam mosque, wherein the idols in question are currently placed.

